# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

### 11/04/19

CENTRAL RESERVE POLICE

26th Anniversary RAPID ACTION FORCE

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Jagran (Meerut,UP)**

# जिले की सीमाएं सील, शहर में चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात

## 12 एंट्री प्वाइंट पर चेकिंग, साढ़े 21 हजार जवान संभालेंगे कमान

**जागरण संवाददाता, मेरठ** : लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मेरठ में 11 अप्रैल को मतदान होना है। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के लिए कमर कस ली है। जिले की सीमाएं सीलकर एक दर्जन से अधिक जगहों पर बैरीकेडिंग लगाकर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है। शहर में चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात है।

चुनाव के नोडल अधिकारी व एसपी ट्रैफिक संजीव बाजपेयी ने बताया कि चुनाव के लिए मेरठ को करीब साढ़े 21 हजार अर्द्धसैनिक बल, सिविल पुलिस, पीएसी, होमगार्ड्स के जवान व अफसर आदि मिले हैं। अफसरों ने सुरक्षा बलों की मतदान केंद्र, बूथ, रिजर्व पार्टी, मोबाइल पार्टी आदि की ड्यूटी निर्धारित कर दी है। वहीं, सोमवार से सुरक्षा बलों के जवानों ने चेकिंग शुरू कर दी है। शहर में थाना पुलिस के साथ मिलकर वाहन चेकिंग और वांछित, हिस्ट्रीशीटरों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**यहां हो रही चेकिंग**

बागपत रोड पर जानी, सरधना में करनाल और बुढ़ाना मार्ग, हाईवे-58 पर दादरी और सकौती, मवाना का रामराज, गढ़ रोड पर किठौर, हापुड़ रोड पर धीरखेड़ा पुलिस चौकी, दिल्ली रोड पर मोहिउद्दीनपुर चौकी, परतापुर तिराहा, शास्त्रीनगर चुंगी आदि पर बैरीकेडिंग लगाकर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है। यह अभियान 11 अप्रैल की रात तक चलेगा, जो भी बाहरी जिलों से मेरठ की सीमा में प्रवेश करेगा, उसका पहचान पत्र, तलाशी और वाहनों की चेकिंग की जाएगी।

**120 मोबाइल पार्टी लगातार करेंगी गश्त**

11 अप्रैल को मतदान के दिन जिले में पुलिस बलों की 120 मोबाइल पार्टी बनाई गई हैं। एक पार्टी में मजिस्ट्रेट, दारोगा और एक दर्जन जवान मौजूद होंगे। जहां भी सूचना मिलेगी, यह पार्टी तुरंत मूवमेंट करेगी।

**2740 बूथों पर सख्त पहरा**

जिले में 1198 मतदान केंद्र हैं, जिनमें 2740 बूथ बने हुए हैं। इनमें से करीब 20 प्रतिशत बूथ संवेदनशील और अतिसंवेदनशील हैं। साथ ही शहर, किठौर और सरधना सीट पर सबसे अधिक संवेदनशील बूथ हैं। यहां पर अतिरिक्त अर्द्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है।

**सभी मार्ग खुले रहेंगे**

एसपी ट्रैफिक संजीव बाजपेयी ने बताया कि 11 अप्रैल को मतदान के दिन शहर और जिले के सभी मार्ग खुले रहेंगे। किसी भी रूट पर कोई प्रतिबंध नहीं है। हर कोई अपने मतदान का प्रयोग करें। आने जाने के दौरान अपने वाहनों के कागजात, सीट बेल्ट का प्रयोग, हेलमेट साथ लेकर चलें। संदिग्ध पाए जाने पर कार्रवाई भी तय है। जिले की सीमा पर बाहरी जिलों से आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग होगी।




**फोर्स की स्थिति**

- 32 कंपनी अर्द्धसैनिक बल
- आठ हजार होमगार्ड जवान
- एक हजार दारोगा-इंस्पेक्टर
- आठ हजार कांस्टेबल
- पांच कंपनी पीएसी
- 315 चौकीदार

नोट : अर्द्धसैनिक बल की एक कंपनी में 110 जवान और अफसर होते हैं। पीएसी की एक कंपनी में करीब 100 जवान और अफसर होते हैं।

जिले की सीमा और शहर में थाना पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बलों ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। करीब साढ़े 21 हजार सुरक्षा बलों के हाथों में व्यवस्था रहेगी। हुड़दंग मचाने और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**नितिन तिवारी**, एसएसपी



Saikalin Swadesh (Bhopal,MP)

## जवानों ने इस आक्रमण का दृढ़तापूर्वक सामना किया

# 107 बटालियन आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स ) भोपाल ने शौर्य दिवस मनाया



■ सायंकालीन स्वदेश संवाददाता, भोपाल

शौर्य दिवस के अवसर पर 107 वीं वाहिनी के प्रागण में शौर्य दिवस के उपलक्ष में एस.एम. हबीब असगर कमाण्डेन्ट 107 बटा ने सशस्त्र गार्ड की सलामी लिया तथा इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारीगण एवं जवानों तथा उनक परिवार वालों को षौर्य दिवस की शुभकामनाए दिया । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के इतिहास में इस दिन के महत्व को बताते हुए सरदार पोस्ट एवं उसकी घटना के बारे में बताया, जोकि भारत-पाक की अंतर्राश्ट्रीय सीमा के ठीक पास स्थित है। भारतीय क्षेत्र पर अपना दावा स्थापित करने के लिए सरदार पोस्ट (गुजरात) पर पाकिस्तानी सेना ने अप्रैल, 1965 में हमला करने की योजना बनाई। 09 अप्रैल, 1965 को पाकिस्तान द्वारा भारतीय सीमा क्षेत्र पर अधिकार करने के उद्देष्य से भारतीय सीमा की चौकियों के विरुद्ध आपरेशन 'डेजर्ट हाक' चलाया गया। उस समय पष्चिमी पाकिस्तान (गुजरात के पास का क्षेत्र) की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर रन आफ कच्छ (गुजरात) में 'सरदार' और 'टाक' चौकियों का रख-रखाव द्वितीय बटालियन, कें0रि0पु0बल की 4 कंपनियां कर रही थी। दिनांक 09 अप्रैल को प्रात: लगभग 03:30 बजे पाकिस्तानी सेना की इन्फेन्ट्री ब्रिगेड ने कें0रि0पु0बल की कंपनियों के ''सरदार'' और ''टाक'' चौकियों पर आक्रमण कर दिया। कें0रि0पु0बल के जवानों ने इस आक्रमण का दृढ़तापूर्वक सामना किया और वीरतापूर्वक युद्ध करते हुये उनके इस आक्रमण को विफल कर दिया। इस संघर्ष में पाकिस्तानी सेना के 34 जवान मारे गए थे और 4 को कें0रि0पु0बल द्वारा जीवित पकड़ लिया गया था। इस कार्यवाही में केरिपुबल के 8 जवान शहीद हो गए थे और 19 जवान पाकिस्तानी सेना द्वारा बंधक बनाए गए थे। द्वितीय बटालियन के कार्मिकों की दृढ़ता और पराक्रम ने पाकिस्तानी इन्फेन्ट्री ब्रिगेड को 12 घंटे तक निकट नहीं आने दिया।

The Hindu (Coimbatore,TN)

# Valour Day at 105 RAF Battalion camp

STAFF REPORTER
COIMBATORE

The 105th Battalion of the Rapid Action Force (RAF) observed Valour Day at the 105 RAF Battalion camp in Mahalingapuram on Tuesday.

B. Jayakrishnan, Commandant, 105 RAF Battalion, paid homage to the slain soldiers at Sardar Post. Officers from various ranks of the battalion joined Mr. Jayakrishnan in paying tributes, according to a press release.

After the tribute, medal awardees were felicitated by the Commandant and meals were served to the officers at the mess. A painting competition was also held for 30 children of the Central Reserve Police Force (CRPF) members.

Valour Day is observed on the anniversary when a contingent of Second Battalion of the CRPF successfully fought and repulsed an attack by a brigade from Pakistan on April 9, 1965. Thirty four Pakistani soldiers were eliminated and four were captured alive during the attack at Sardar Post in the Rann of Kutch, Gujarat.

Six CRPF soldiers were killed in the conflict. That was the first time when a police force fought against an infantry brigade, the release said.

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF





**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**